भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †1074**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**देश में खेल अवसंरचना का विकास**

**†1074. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संपूर्ण देश में खेल अवसंरचना के विकास के लिए कोई कदम उठाया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) बिहार राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त अवसंरचना के लिए प्राप्त प्रस्तावों और स्वीकृति की स्थिति का ब्यौरा क्या है; और
(घ) देश में और विशेष रूप से बिहार में स्वीकृत उक्त परियोजनाओं का राज्यवार और जिलावार ब्यौरा तथा स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश भर में खेल अवसंरचना के विकास सहित खेल के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिसके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-संचालित स्कीमें हैं। इन स्कीमों के अंतर्गत पात्र संस्थाओं से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर इन स्कीमों के अंतर्गत उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और धन की उपलब्धता के अधीन वित्तीय सहायता के लिए विचार किया जाता है। बिहार राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी भौतिक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****